# कृषि विज्ञान केन्द्र, सवाई माधोपुर
# Krishi Vigyan Kendra, Sawai Madhopur

पोस्ट बाक्स नं.16, सवाई माधोपुर-322027 (राजस्थान)

**Post box No.16, Sawai Madhopur-322027 (Rajasthan)**

(कृषि विश्वविद्यालय,कोटा) **(Agriculture University, Kota)**

**Dr. B.L. Dhaka**
Senior Scientist
& Head

भाकृअनुप ICAR

Tel. -8769887687
Email- kvk.swm@ gmail.com


S.No. / F./KVK/SWM/Tender/2025/64-68 Dated:30.04.2025

**खुली निविदा सूचना**

कृषि विज्ञान केन्द्र, सवाई माधोपुर द्वारा केन्द्र पर वित्तीय वर्ष 2025–26 में आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों, शिविरों, प्रसार गतिविधियों एवं अन्य कार्यक्रमों में प्रतिभागियों के लिये भोजन, नाश्ता एवं अल्पाहार आपूर्ति हेतु खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। अनुभवी इच्छुक एवं पंजीकृत कार्यरत सेवा प्रदाताओं से द्विपक्रमी निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | सामग्री / कार्य का विवरण | कार्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, सवाई माधोपुर (राज.) |
|---|---|---|
| 1. | निविदा का कार्य | प्रशिक्षणों, शिविरों, प्रसार गतिविधियों एवं अन्य कार्यक्रमों में प्रतिभागियों के लिये भोजन, नाश्ता एवं अल्पाहार व्यवस्था |
| 2. | निविदा की लागत (अनुमानित) | 5.00 लाख |
| 3. | अमानत राशि – डी.डी. / बैंकर्स चैक पक्ष में | 10000 / – रूपयें Programme Coordinator, Krishi Vigyan Kendra, Sawai Madhopur |
| 4. | टेण्डर फार्म प्राप्त करने की तिथि | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक 01.05.2025 से 13.05.2025 को सायं: 05.00 बजे तक |
| 5. | निविदा खोलने की दिनांक | बोली प्रपत्र जमा कराने की तिथि 14.05.2025 दोपहर 11.00 बजे तक तथा बोली प्रपत्र खोलने का समय दिनांक 14.05.2025 दोपहर 12.00 बजे। |
| 6. | निविदा फार्म शुल्क (रू.) – डी.डी. / बैंकर्स चैक पक्ष में | 500 / – Programme Coordinator, Krishi Vigyan Kendra, Sawai Madhopur |

द्विपक्रमी निविदाएं निर्धारित फार्म में प्रस्तुत करनी होगी जो कि तकनीकी एवं वित्तीय बिड के रूप में होगी। जो दो अलग–अलग लिफाफे में सील बंद होगी, उक्त दोनों लिफाफे एक बड़े सील बन्द लिफाफें में प्रस्तुत करने पर ही विचार योग्य होगें। निविदा फॉर्म एवं शर्तो को राज्य लोक उपापयन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त दिये गये वेबपोर्टल से डाउनलोड करने पर प्रस्तुत निविदा के साथ निविदा शुल्क रूपयें 500 / – का डी.डी. / बैंकर्स चैक, Programme Coordinator, Krishi Vigyan Kendra, Sawai Madhopur / **"कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र, सवाई माधोपुर"** के नाम से प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा स्वीकार योग्य नहीं होगी। उक्त कार्य हेतु निविदा संबंधी समस्त विवरण, सम्बन्धित नियम व शर्ते, निविदा प्रारूप, निविदा प्रस्तुत करने एवं खोलने की तिथि आदि पूर्ण विवरण उपरोक्त वेबपोर्टल पर देखी / पढ़ी / डाउनलोड की जा सकती है।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत / प्रेषित है –**

1. श्रीमान् कुल सचिव, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
2. श्रीमान् निदेशक प्रसार शिक्षा, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
3. वित्त नियंत्रक, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
4. नोडल अधिकारी, वेबसाईट, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा।
5. नोटिस बोर्ड, कृषि विज्ञान केन्द्र, सवाई माधोपुर।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष**

# कृषि विज्ञान केन्द्र, करमोदा, सवाई माधोपुर
## प्रसार शिक्षा निदेशालय
### (कृषि विश्वविद्यालय, कोटा)

S.No. / F./KVK/SWM/Tender/2025-26/64-68 Dated:30.04.2025

## वित्तीय निविदा प्रपत्र

प्रशिक्षण/कार्यक्रम में दी जाने वाली भोजन की दरः–

मीनू –

| क्र. स. | विवरण | दर प्रति डाईट प्रति व्यक्ति |
|---|---|---|
| अ) भोजन – | | |
| 1. | पूड़ी/रोटी (चुपड़ी), दाल, सीजनेबल हरी सब्जी, मिठाई–1 पीस (50 ग्राम), चावल–1 प्लेट, पापड़–1नग | |
| 2. | चूरमा, बाटी (दोनों देशी घी में), पुलाव, दाल, कढ़ी या गट्टा सब्जी, लहसुन की चटनी, सलाद | |
| 3. | भोजन डिब्बा पैक–पूडी 250 ग्राम, सूखी सब्जी, आचार/मिर्ची के टिपोरे, मिठाई – 1 पीस (50 ग्राम), | |
| 4. | **विशेष खाना** एक पनीर सब्जी (मटर पनीर/खोया पनीर/कढ़ाई पनीर), एक दाल फ्राई, एक दही/वेज रायता, मिठाई (रसमलाई/गुलाब जामुन/श्रीखंड/फ्रूटक्रीम) – 100ग्राम, एक पापड़, पुलाव/जीरा राईस, चुपड़ी रोटी/पूड़ी, सलाद, अचार, | |
| ब) नाश्ता | | |
| 1. | पोहा फुल प्लेट (100 ग्राम)/पकौड़ी–50 ग्राम, जलेबी 4 नग, चाय (75 एमएल) | |
| 2. | कचोरी/समोसा 2 नग, इमरती 2 नग, चाय ( 75 एमएल) | |
| 3. | कचोरी/समोसा–1 नग, इमरती–2 नग व चाय (75 एमएल) | |
| 4. | कचोरी/समोसा 1 नग, आइसक्रीम/रसमलाई/रसगुल्ला, आलू/केला वेफर – 20 ग्राम, सीजनेबल फल (केला/नारंगी/चीकू/एप्पल)–1 | |
| 5. | चाय (75 एमएल), चार बिस्किट | |

उपरोक्त दरें मैं अपने खुले दिमाग व होश–हवास में भर कर दे रहा हूँ/रही हूँ तथा निविदा फार्म के साथ संलग्न सभी शर्तें स्वीकृत है तथा उपरोक्त मेन्यू के अनुसार भोजन, नाश्ता एवं अल्पाहार देने के लिए मैं पाबन्द रहूँगा/रहूँगी।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

हस्ताक्षर निविदादाता
मय फर्म के रबर स्टाम्प के साथ

# कृषि विज्ञान केन्द्र, सवाई माधोपुर

**प्रसार शिक्षा निदेशालय**

**(कृषि विश्वविद्यालय, कोटा)**

S.NO./F/KVK/SWM/Tender/2025-26/64-68 Date : 30-04-2025

**तकनीकी निविदा प्रपत्र**

**वित्तीय वर्ष 2025–26 में भोजन, नाश्ता एवं अल्पाहार व्यवस्था हेतु द्विपकमी खुली निविदा तकनीकी बिड अनुमानित लागत राशि 05.00/– लाख रूपये मात्र**

कृषि विज्ञान केन्द्र, सवाई माधोपुर द्वारा केन्द्र पर वित्तीय वर्ष 2025–26 में आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों, शिविरों, प्रसार गतिविधियों एवं अन्य कार्यकमों में प्रतिभागियों के लिये भोजन, नाश्ता एवं अल्पाहार आपूर्ति हेतु खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। अनुभवी इच्छुक एवं पंजीकृत कार्यरत सेवा प्रदाताओं से द्विपकमी निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| वित्तीय वर्ष : 2025–26 | सूचना संख्या खली निविदा सूचना F./KVK/SWM/Tender/2025-26/64–68 |
| निविदा की लागत (अनुमानित): 5.00 लाख | बोली प्रपत्र विकय दिनांक 01.05.2025 से 13.05.2025 सायं 05.00 बजे तक। |
| अमानत राशि (2%) : 10000/– रूपयें | बोली प्रपत्र जमा कराने की अन्तिम तिथिः 14.05.2025 दोपहर 11.00 बजे |
| निविदा शुल्क (रू.) : 500/– | बोली प्रपत्र खोलने का समय दिनांक 14.05.2025 दोपहर 12.00 बजे। |
| निविदा जिसको सम्बोधित है – **वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, सवाई माधोपुर** | |

**निम्न सूचना निविदादाता साफ एवं सुस्पष्ट शब्दों में भरें :–**

**निविदादाता फर्म का नाम** ....................................................................................................

**फर्म का पता** ....................................................................................................

**E-mail ID** ..............................................................................

**Mob. No.** ..............................................................................

| क.सं. | प्रपत्र | विवरण | संलग्न पेज क्रम |
|---|---|---|---|
| 1. | अमानत राशि डी.डी./बैंकर्स चैक सं. | | |
| 2. | निविदा शुल्क डी.डी/बैंकर्स चैक सं. | | |
| 3. | जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन | | |
| 4. | फर्म द्वारा वित्त वर्ष 2024–25 भरी गई अन्तिम जी.एस.टी. रिटर्न की प्रति। | | |
| 5. | फर्म के फूड लाइसेंस/पंजीकरण संख्या | | |
| 6. | बैंक खता संख्या मय शाखा का नाम | | |
| 7. | पैन नम्बर | | |
| 8. | हस्ताक्षरित निविदा की शर्ते | | |
| 9. | भोजन एवं अल्पाहार व्यवस्था के लिए निविदादाता का अधिकृत मालिकाना हक प्रमाण–पत्र नोटरी पब्लिक से प्रमाणित संलग्न करें (100/- Stamp पर)। | | |

नोट : क.सं. 1 से 10 तक सभी प्रपत्र तकनीकी बिड के साथ लगाया जाना आवश्यक है उक्त दस्तावेजों के नियमानुसार होने एवं तकनीकी निविदा में सफल होने पर ही आपकी वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर
मय सील एवं दिनांक

# निविदा प्रपत्र नियम व शर्ते

S.No. / F./KVK/SWM/Tender/2025-26/64-68 निविदा फार्म शुल्क रू. 500/–.

## कृषि विज्ञान केन्द्र, करमोदा, सवाई माधोपुर
## प्रसार शिक्षा निदेशालय
### (कृषि विश्वविद्यालय, कोटा)

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा S.No./F./KVK/SWM/Tender/2025-26/64-68 दिनांक 30.04.2025 द्वारा वर्ष 2025–26 में केन्द्र पर व केन्द्र के बाहर आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षणों, शिविरों, प्रसार गतिविधियों व अन्य कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को भोजन, नाश्ता एवं अल्पाहार व्यवस्था हेतु निम्न शर्तों को भलीभांति पढ़ लेवें। इन शर्तों को पढ़ने एवं समझने के पश्चात् ही अपने हस्ताक्षर कर तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करें।

### निविदा की विशेष नियम व शर्ते

1. इच्छुक निविदादाता को निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार उचित रूप से मुहरबन्द अलग–अलग लिफाफे में तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा जिस पर **"प्रशिक्षणों एवं अन्य कार्यक्रमों में भोजन, नाश्ता एवं अल्पाहार आपूर्ति हेतु निविदा"** लिखकर ही प्रस्तुत करें। निविदा खुली हुई पाये जाने पर उस पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं तकनीकी निविदा पूर्ण होने पर ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
2. निविदा मे भाग लेने वाले व्यक्ति/फर्म को सक्षम विभाग मे पंजीकृत/खाद्य लाईसेंस होना आवश्यक है (प्रतिलिपि संलग्न करे) तथा निविदादाता के पास वैध पेन तथा जी.एस.टी नम्बर होना आवश्यक है। (सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करे)
3. निविदा कृषि विज्ञान केन्द्र करमोदा, सवाई माधोपुर में दिनांक 14.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक जमा कराना आवश्यक है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं तथा निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का पत्र शामिल नहीं किया जाएगा। निविदाऐं उसी दिन 14.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे गठित कमेटी, विश्वविद्यालय द्वारा नामित प्रतिनिधियों तथा निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।
4. उक्त कार्य में लगभग (अनुमानित) 5.0 लाख रूपये का नियोजन हो सकता है। अतः निविदादाता को निविदा फॉर्म के साथ 2 प्रतिशत की दर से 10000/– रूपये (दस हजार रूपये) धरोहर राशि डी.डी. द्वारा "Programme Coordinator, Krishi Vigyan Kendra, Sawai Madhopur" /**"कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र सवाई माधोपुर"** के नाम बनवाकर जमा करानी होगी। निविदा बिना धरोहर राशि के मान्य नही होगी तथा निरस्त कर दी जाऐगी।
5. निविदा दरें निविदा अनुमोदन के पश्चात वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये मान्य होगी। आपसी सहमति से यह अवधि बढाई जा सकती है।
6. असफल निविदादाताओं को धरोहर राशि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात लौटा दी जाएगी।

Bl

7. सफल निविदादाता कार्य आदेश जारी करने के बाद लिखित/मौखिक रूप से कार्य करने से इन्कार करता है या वह अपने प्रस्ताव से पीछे हटता है तो उसकी अमानत राशि जब्त कर ली जाएगी एवं नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

8. सफल निविदादाता की निविदा स्वीकृति पश्चात कार्यक्रम समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र, करमोदा, सवाई माधोपुर के कार्यालय मे **5 प्रतिशत की दर से 25000/–रू. (रूपये पच्चीस हजार मात्र) कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा** करानी होगी। सफल निविदादाता के संदर्भ मे अमानत राशि को **कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि** मे समायोजित कर लिया जायेगा अतः शेष राशि **रू. 15000/– कार्यक्रम समन्वयक, कृषि विज्ञान केन्द्र सवाई माधोपुर** के कार्यालय में तीन दिवस मे डी.डी./बैंक चैकर्स द्वारा जमा करानी होंगी। कार्यालय द्वारा कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि पर कोई ब्याज नही दिया जायेगा।

9. दर में सभी प्रकार के कर शामिल होंने चाहिए। अधोहस्ताक्षरकर्ता को नियमानुसार सरकार द्वारा घोषित आयकर/अन्यकर कटोती करने का अधिकार होगा तथा भुगतान सम्बन्धित खाते मे ट्रांसफर किया जावेगा।

10. निविदादाता के निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर पूर्ण हस्ताक्षर होने चाहिए। निविदा व निविदा से संम्बंधित संलग्न दस्तावेजो पर हस्ताक्षरकर्ता यह स्पष्ट करे कि वह (स्त्री/पुरूष) व्यक्तिशः स्वामित्व या फर्म के भागीदार या संबंध प्रतिनिधि के रूप मे प्रतिनिधित्व कर रहा है। वह व्यक्ति जो निविदा प्रपत्र पर किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में हस्ताक्षर करता है तो उसे अधिकार पत्र संलग्न करना होगा।

11. सफल निविदादाता द्वारा अनुबंध की शर्तो एवं नियमों का पालन नही करने पर कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।

12. निविदादाता को भोजन पकाते समय पानी, बिजली की आपूर्ति व साफ – सफाई हेतु 100/–रू. (एक सौ रूपये) प्रतिदिन की दर से केन्द्र पर जमा कराने होगे।

13. संलग्न प्रपत्र में दरे प्रति डाईट प्रति व्यक्ति के आधार पर देवे।

14. निविदादाता को रसोई गृह, भोजन स्थल व संबंधित क्षेत्र को व्यवस्थित, साफ–स्वच्छ स्थिति में रखना होगा तथा केन्द्र पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भोजन व अन्य खाद्य पदार्थो को स्वच्छ वातावरण में केन्द्र की भोजनशाला मे ही तैयार करना होगा।

15. भोजन पकाने हेतु कच्चा सामान मानव खाद्य श्रेणी व एगमार्क ब्राण्ड का होना चाहिए। शुद्ध खाद्य तेल व आवश्यकतानुसार देशी घी का ही प्रयोग करना होगा। इस उद्देश्य हेतु गठित कमेटी को यह अधिकार होगा की वे कच्चे सामान व खाने की गुणवत्ता का समय समय पर निरीक्षण करेगें व सामान व खाना असंतोषजनक पाये जाने पर उस सामान को निरस्त कर सकेगें। निरस्त सामान को कमेटी के समक्ष नष्ट करना होगा। इस हेतु कोई मुआवजा नही दिया जाएगा।

16. खाना खाने से प्रशिक्षणार्थियों को किसी प्रकार का दुष्प्रभाव होने पर निविदा निरस्त की जा सकती है तथा आवश्यक कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है जिसके लिए निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

17. निविदादाता जिसके नाम पर निविदा खुली है उसे ही भोजनशाला चलानी होगी। किसी अन्य व्यक्ति/फर्म को अनुबंध/हस्तान्तरित नहीं कर सकेगा ऐसा करने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

18. अवकाश के दिन भी आवश्यकता पड़नें पर भोजन व्यवस्था करनी होगी।

BL

19. बार–बार असंतोषप्रद सेवाएं पाये जाने पर अधोहस्ताक्षरकर्ता को निविदादाता को 07 दिन का नोटिस देकर उसकी निविदा को केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष को निरस्त करने का अधिकार होगा।
20. निविदादाता द्वारा वांछित पूर्ण जानकारी न दिये जाने पर निविदा को निरस्त किया जा सकता है।
21. अनुबंध के किसी भी संबंध में कोई मतभेद होने पर केन्द्र के पदाधिकारियों द्वारा दिया गया निर्णय ही अन्तिम व मान्य होगा।
22. भोजन परोसने हेतु साफ बर्तन अथवा पत्तल, दोने, व गिलास प्रतिबंधित प्लास्टिक के नही होने चाहिए।
23. महिला प्रशिक्षणार्थी के साथ आने वाले 5 वर्ष तक के बच्चे को भी निशुल्क भोजन देना होगा। जिसका अतिरिक्त चार्ज नहीं होगा।
24. भोजन खिलाते समय परोसने व पानी की व्यवस्था स्वयं निविदादाता की होगी।
25. आवश्यकता पड़नें पर केन्द्र से बाहर भी चाय, नाश्ता व भोजन की व्यवस्था करनी होगी जिसके लिए अलग से कोई भुगतान देय नही होगा।
26. प्रति प्रशिक्षण में 15–50 प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते है। प्रशिक्षणार्थियों की संख्या कम होने पर प्रशिक्षण निरस्त किया जा सकता है तथा अन्य कार्यक्रमों में उपस्थित भागीदारों की अनुमानित संख्या पूर्व में अवगत करवा दी जायेगी।
27. वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र करमोदा, सवाई माधोपुर को बिना किसी कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।
28. किसी भी प्रकार के विवाद होने पर न्याय क्षेत्र सवाई माधोपुर होगा।
29. अनुबंध के सफलतापूर्वक समाप्ति के पश्चात ही **कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि** लौटाई जायेगी।
30. राज्य सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित करने की दशा में वैण्डर को वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी।

**वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष**

मुझे (निविदादाता) उपरोक्त समस्त शर्ते मजूंर है। एवं मैं उपरोक्त शर्तो पर कार्य करने के लिए तैयार हूँ।

**हस्ताक्षर निविदादाता**
**मय फर्म के रबर स्टाम्प के साथ**

## 100रूपये के नॉनज्यूडिशियल स्टाम्प पर नोटेरी से प्रमाणित

**एस.आर.प्रारूप II**

फर्म का नाम :

### निविदादाता द्वारा घोषणा

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैने/हमने जिन माल/सेवा आपूर्ति कार्यो के लिये निविदाएं दी है, उनका/उनके मैं/हम बोनाफाईड विनिर्माता/थोक विक्रेता/सेवा वितरण/प्राधिकृत डीलर हूं/हैं। हमारे द्वारा दी गई सूचना सत्य है, यदि यह घोषणा असत्य पाई जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूती को पूर्ण रूप से समपृहत कर लिया जायेगा तथा निविदा को जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द कर दिया जायेगा।

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मुझे/हमारी फर्म/संस्था को किसी भी कार्यालय/विभाग द्वारा काली सूची (Black List) मे नहीं डाला गया है।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**
**मय सील एवं दिनांक**